श्री बंशीधर नगर, सोमवार

06.05.2024

वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, संवत 2081

वर्ष : 02, अंक : 250

**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:18 बजे

अस्त - 06:27 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 43 डिग्री से.

न्यूनतम : 26 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com



महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या >> पेज 03 | वोट की राजनीति कांग्रेस-जेएमएम का उद्देश्य : >> पेज 04


## सुविचार

अगर अपने लक्ष्य की राह पर आपने चलना शुरू कर दिया है, तो आधे रास्ते से कभी वापस न लौटें, क्योंकि वापस लौटकर भी आपको आधा रास्ता ही पार करना पड़ेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### खड़गे, सोनिया, राहुल व प्रियंका आयेंगे झारखंड

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुकुल वासनिक ने 20 मई को पांचवें चरण के होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मीडिया विभाग के चेयरमेन सतीश पॉल मुंजनी ने रविवार को कहा कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना केपी सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, चन्द्र शेखर दुबे, डॉ. प्रदीप बालमुचू, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, रामचन्द्र सिंह, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला, योगेन्द्र साव, ममता देवी, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, अमुल्य नीरज खलखो, केदार पासवान, गुंजन सिंह और अभिजीत राज शामिल हैं।

**चुनाव**

## लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के प्रति युवाओं का उत्साह ठंडा

# पेट की आग बुझाने के लिये बड़ी संख्या में युवाओं का पलायन

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से जिले में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में बेअसर साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने के बजाय अपनी पेट की आग को बुझाने के लिये लगातार अन्य प्रदेशों में बड़े पैमाने पर पलायन जारी है। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में पिछले 15 दिनों से मजदूरों का पलायन जारी है। गांव के गांव युवाओं से खाली पड़ गये हैं। नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर इन दिनों रात्रि में मजदूरों का हुजूम उमड़ रहा है। शनिवार की रात श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में मजदूर विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से पलायन कर गये हैं। जबकि पलामू में मतदान होने में मात्र एक सप्ताह शेष



बचे हुये हैं।

### प्रशासन का मतदाता जागरुकता अभियान बेअसर

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन की ओर से लगातार सभी प्रखंडों में एवं पंचायतों में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मतदाताओं को उनके सबसे बड़े अधिकार मतदान को लेकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। किंतु पेट की आग के आगे जिला प्रशासन के द्वारा किये जा रहे प्रयास का उनपर कोई असर नहीं पड़ रहा है। वैसे लोग अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करने को लेकर दिल्ली, गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत विभिन्न प्रदेशों में जाने को विवश हैं।

### मजदूरों का दर्द

अन्य प्रदेशों में रोजगार के लिये जा रहे मजदूर अविनाश पासवान कहते हैं कि अपने परिवार के लिये कमाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जितना वोट देना जरूरी है उतना ही पेट पालना भी है, सिर्फ वोट देकर जी नहीं सकते। विशुनपुरा निवासी कृष्णा कुमार कहते हैं कि हम आज कमाएंगे तब ही घर के लोगों को भोजन और बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। हमलोगों के वोट से सरकार एवं नेतवन की




किस्मत बदल जा रही है। परन्तु हमलोगों की किस्मत नहीं बदल रही है। आज भी हमलोग काम की तलाश में बाहर जा रहे हैं। धुरकी के दिनेश कुमार कहते हैं कि ठीकेदार से पैसा ले चुके हैं अब किसी भी हाल में घर नहीं रुक सकते। धुरकी के मिरचैया गांव निवासी रामचंद्र और अरविंद ने बोला कि वोट देवे से पेट नहीं चलतई, जितना कमबई उतना ही खबई, वोट देवे समय हमन के याद करल जाला बाकी समय सब भूल जा लथीन। अरुण एवं दीनानाथ ने कहा कि नेतवन के खाली वोट चाहत बा, हमन के कमायेला कईगो फैक्टरी खोलले हथीन....जब हमनी के बहरे कमाये जाय के बा त वोट देवे ला काहे रूकूं, वोट देवे से पेट थोड़ो भर जतई।

### पलायन रोकने में मनरेगा फेल

प्रखंडों में लोगों को रोजगार से जोड़ने एवं मजदूरों के पलायन को रोकने के लिये मनरेगा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत कई स्कीम चलाये जा रहे हैं। किन्तु मनरेगा में मजदूरों का महीनों से मजदूरी बकाया भुगतान नहीं होने एवं काम नहीं मिलने के कारण मनरेगा भी पलायन रोकने में फेल है।

### क्या कहते हैं डीसी

जिले के डीसी शेखर जमुआर ने जिले से मजदूरों का हो रहे पलायन के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, अगर ऐसा हो रहा है तो वे इसकी जांच कराकर मजदूरों को रोकने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बाहर जा रहे मजदूरों से भी वापस लौटकर मतदान करने की अपील की है।

## मोदी झारखंड के सिमरिया में 12 व बिरनी में 16 को करेंगे सभा

**रांची।** राज्य की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर आएंगे। वे 12 मई को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के



पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह आठ बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय दौरे पर तीन मई को सिंहभूम में जनसभा और राजधानी रांची में रोड शो किया था। साथ ही चाई मई को पलामू और सिसई क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया था।

## राहुल गांधी की 7 मई को झारखंड में सभा

**रांची।** झारखंड में 13 मई से चार चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीटों पर वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसे लेकर राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं के



आगमन की शुरूआत हो गई है। इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी 07 मई को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। लोहरदगा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में उनकी जनसभा होगी। इसके साथ ही सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भी राहुल गांधी की जनसभा इसी दिन प्रस्तावित है।कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि राहुल गांधी जनसभा करने के लिए सात मई को रांची पहुंचेंगे। लोहरदगा और खूंटी दो लोकसभा सीटों को लेकर गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं चाईबासा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# खाली पेट कैसे करें वोट

**विद्रोही बोल**

धीरेन्द्र चौबे

पलामू में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिये वोट डाले जायेंगे। चुनाव आयोग और सारा सिस्टम शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये हरसंभव कोशिश में जुटा है। मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये भी खूब कोशिशें की जा रही है। लेकिन इन सब से इतर रोजी रोटी के लिये पलामू से प्रतिदिन हजारों मजदूरों का दूसरे प्रदेशों में बेतहाशा पलायन हो रहा है। आखिर लोग खाली पेट कैसे करें वोट यह गंभीर सवाल है।



क्योंकि पेट भरे होने पर ही कुछ सुहाता है। पलामू के इतिहास पर नजर डालें तो पलामू शुरू से पलायन का पर्याय रहा है। पलामू को देश में सस्ते लेबर जोन के लिये जाना जाता है। यहां के लोग देश के किसी कोने में आपको काफी कम पैसे में जोखिम भरे काम में श्रम साधना करते मिल जायेंगे। ऐसे में कई लोग असमय काल कवलित हो जाते हैं। बाहर कमाने के दौरान हादसे के शिकार श्रमिकों का शव पहुंचने पर पलामू दहल जाता है। ऐसा इसलिये है कि आज तक पलामू में रोजगार के साधन सृजित नहीं किये गये। चारों तरफ बह रही सदाबद नदियों के किनारे होने के बावजूद पलामू के खेत प्यासे हैं, खलिहान खाली हैं। लगातार अकाल और सुखाड़ की मार से किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। मजदूरों को उनके इलाके में रोजगार उपलब्ध कराने के लिये बने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून के तहत सिर्फ बिचौलियों के रोजगार की गारंटी है। इस कानून के तहत मजदूरों के हालात में अब तक कोई सुधार नहीं होने की गारंटी पक्की है। अलबत्ता इस कानून के कार्यान्वयन के लिये तैनात हाकिम और हुक्मरान भी खूब लाल हुये हैं। यही सब कारण है कि पलामू को पलायन से मुक्ति नहीं मिली। पलामू में नेताओं का कभी अकाल नहीं रहा। चाहे गरीबी मिटाने का नारा देने वाली पार्टी की सरकार रही हो चाहे सामाजिक न्याय या अच्छे दिन का नारा देने वाली पार्टी की सरकार। सभी दलों में एक से बढ़कर एक नेता पैदा हुये लेकिन पलामू की माटी का कर्ज किसी ने नहीं चुका पाया। यह सब सतही बात नहीं है, पलामू का कोई नेता यह दावा नहीं कर सकता कि उसने पलामू के माथे पर लगे पलायन के कलंक को मिटाने के लिये अमुक कल कारखाने की स्थापना की। बड़े नेताओं ने पीढ़ियों के लिये धन बटोरा और संतानों को सेट करने में जीवन खपा दिया। नेताओं ने खुद को पलामू का बेटा कहा लेकिन किसी नेता ने पलामू के युवाओं को कभी अपना भाई, भतीजा और बेटा नहीं माना। सिर्फ जज्बाती बात बोलकर और ललकार कर वोट लेते रहे और जीतने के बाद वे अपनी जेब भरते रहे। पलामू के युवाओं के हिस्से में सिर्फ तंगहाली बदहाली के साथ-साथ उन्हें उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ा। लिहाजा आज जब हम सभी देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तब भी रोटी की तलाश में पलामू के युवाओं का दूसरे प्रदेशों में पलायन जारी है। इन दिनों प्रतिदिन पलामू से होकर गुजरात, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों से युवाओं का बहुत बड़ा जत्था पलायन कर रहा है। रिजर्व बसों और अन्य वाहनों से भी लोग ले जाये जा रहे हैं। हैरत की बात है कि प्रतिदिन कितने लोग दूसरे प्रदेशों में जा रहे हैं इसका कोई रिकॉर्ड सरकार और प्रशासन के पास नहीं है। ऐसे में मतदाता जागरूकता अभियान और इसके माध्यम में वोट प्रतिशत बढ़ने की बात बेमानी के सिवाय कुछ नहीं है।

# तीन केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में उपस्थित रहे 97.01 प्रतिशत विद्यार्थी



## कदाचारमुक्त संपन्न हुई नीट (यूजी) 2024 की प्रवेश परीक्षा

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के तीन परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट (यूजी) 2024 की प्रवेश परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हुई। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर 928 में 900, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर केंद्र पर 312 में 301 व ब्राईटलैंड पब्लिक स्कूल केंद्र पर 312 छात्र में 306 विद्यार्थी ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था थी। इनोवेटिव एजेंसी द्वारा गठित फ्रिस्किंग दल ने सभी परीक्षार्थियों की अलग-अलग शारीरिक जांच कर, बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं अभिलेख सत्यापन कर कक्षा-कक्ष में भेजा। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर पलामू डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संस्था एनटीए 2019 से नीट (यूजी) की प्रवेश परीक्षा आयोजित करती है और परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने में सक्षम है। पलामू में इस परीक्षा का केंद्र बनना हजारों बच्चों के लिये सुविधाजनक एवं हम सबके लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम एनटीए एवं जिला प्रशासन पलामू की अपेक्षाओं पर खरा उतरे। डॉक्टर खान ने तीनों परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सुविधाओं को संतोषजनक पाया।

### न्यूज अपडेट्स

## छतरपुर में प्रथम चरण की होम वोटिंग जारी

**छतरपुर :** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग चल रहा है। इआरओ हीरा कुमार ने बताया कि दिव्यांग और 85 वर्ष प्लस वोटरों के लिये वोट देने के लिये चुनाव आयोग ने इसकी व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में 2 से होम वोटिंग शुरू है जो 7 मई तक चलेगा। अगर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई प्रथम चरण में वोट नहीं दे पाये तो वैसे वोटरों को दुबारा 9 मई और 10 मई को घर पर जाकर प्रजाईडिंग ऑफिसर और उनकी टीम द्वारा वोटिंग कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि छतरपुर प्रखंड में 58, नौडीहा प्रखंड में 19, पड़वा प्रखंड में 22 और पाटन प्रखंड में 34 यानी कुल 133 वोटर हैं। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिये सुरक्षा के साथ सेक्टर ऑफिसर बसंत कुमार, माईक्रो ऑब्जर्वर रविरंजन, पोलिंग ऑफिसर हिमांशु, भरतीय पोलिंग ऑफिसर अविनाश और क्षेत्र में सबंधित बीएलओ की एक टीम घर जा कर बैलेट पेपर से वोटिंग करा रही है।

**चुनाव** ▶ डीसी ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# मतदान प्रतिशत बढ़ाएं

## चुनाव में पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी अहम : डीसी

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व है। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि अपने कार्यक्षेत्र में प्रभात फेरी निकालें, रात्रि चौपाल लगाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिये उन्हें प्रेरित करें। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कही। वे रविवार को यहां प्रखंड कार्यालय के सभागार में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के सभी मुखिया, बीडीसी व वार्ड पार्षद के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी अहम है। डीसी ने कहा की सभी पंचायत के मुखिया मतदान केंद्र पर खराब पड़े चापानल, जल मीनार को शीघ्र दुरुस्त करायें। ताकि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि 13 मई की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाना है। डीसी ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा तो अनुमंडल का नाम भी रौशन होगा। उन्होंने कहा की शत प्रतिशत मतदान को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम सहिया द्वारा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि इस महापर्व में सभी की सहभागिता जरूरी है तभी शत प्रतिशत मतदान होगा। उन्होंने कहा की मतदान केंद्र का ऐसा माहौल तैयार करें जिससे मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे। बैठक के दौरान डीसी ने शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से भी राय भी ली। उन्होंने कहा की आपके प्रयास से ही मत प्रतिशत बढ़ेगा इसके लिये आज से ही अपने अपने कार्यक्षेत्र में रंगोली, प्रभात फेरी, नुकड़ नाटक निकालकर मतदाताओं को प्रेरित करने का काम करें। डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र में दिये जा रहे व्यवस्था से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा की इस बार वैसे दिव्यांग जो मतदान केंद्र में मतदान करने आने में असमर्थ है उन्हें और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को बैलेट पेपर के माध्यम से उनके घर जाकर वोट लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले दिव्यांग के लिये व्हील चेयर की व्यवस्था के साथ साथ सभी मतदान केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था भी की जा रही है। बैठक में श्री बंशीधर नगर के डीसीएलआर शीलवन्त भट, रंका के डीसीएलआर राम प्रवेश कुशवाहा, बीडीओ आदिती गुप्ता, सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार सहित अनुमंडल के सभी प्रखंडों के मुखिया, बीडीसी एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का निधन, शोक



**मेराल :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान के असामयिक निधन पर रविवार को अधिवक्ता जितेंद्र कुमार के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने अतुल कुमार अंजन के निधन पर दुख व्यक्त करते हुये इसे वाम आंदोलन की एक अपूरणीय क्षति बताया। वक्ताओं ने कहा की अतुल कुमार अंजान एक प्रखर वक्ता, एक आक्रामक नेतृत्वकारी साथी थे। जिसने अपने विद्यार्थी जीवन से वाम विचारधारा के साथ अपने जीवन को एकाकार कर दिया था। जिनके आचरण में वामपंथ था और उनकी मृत्यु भी वामपंथी नेताओं की तरह सामान्य लोगों की तरह हुई। अतुल कुमार अंजन कैंसर से पीड़ित थे। शोकसभा की अध्यक्षता अधिवक्ता अवध किशोर चौबे ने की। शोक सभा में अधिवक्ता जितेंद्र कुमार, नमस्कार तिवारी, गौतम ऋषि, एसएन पाठक, लक्षण राम, योगेंद्र चौबे समेत कई लोग आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों ने निकाली जागरूकता रैली



**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय सीट पर 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर सभी उत्साहित हैं। वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने को लेकर उत्साहित दिव्यांगजनों ने रविवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदाताओं से अर्ज है, मतदान हमारा फर्ज है के नारे के साथ छःमुहान से समाहरणालय परिसर तक निकली मतदाता जागरूकता रैली को छःमुहान से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न नारों को बुलंद किया और लोगों से 13 मई को मतदान करने की अपील की। इस दौरान आम लोगों के बीच स्वीप पम्पलेट का भी वितरण किया गया रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने सभी को मतदान को लेकर शपथ दिलायी।

## विकास के लिये भाजपा को दे वोट : अरुणा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिये भाजपा को वोट दे। इस बार हमें सांसद नहीं वीडी राम को पिछली बार से ज्यादा वोट दिलाकर केन्द्र में मंत्री बनाना है। ताकि पलामू क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सके। उक्त बाते मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कही। वे लगातार पंजाबी ढोल बाजा के साथ मोहल्ले का भ्रमण कर रही हैं। मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पलामू आगमन से पलामू की जनता व भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। खास कर पलामू के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिये डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर शनिवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। अरुणा शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिये सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। राज्य से 13 फूल और एक फल को विजयी बनाकर दिल्ली भेजने में पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने पंजाबी ढोल बाजा के साथ मोहल्ले में भ्रमण कर लोगों से 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर वीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## श्री बंशीधर मंदिर में खुली पनशाला

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से रविवार को श्री बंशीधर मंदिर में पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का शुभारंभ श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव एवं पंडित श्रीकांत मिश्र ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं को पानी पिलाकर किया। उस मौके पर श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने कहा कि तपती धूप में राहगीरों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में पनशाला खुलने से मंदिर में दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी प्यास बुझाने में आसानी होगी। उस मौके पर आचार्य सत्यनारायण मिश्र, धीरेंद्र चौबे, सुजीत अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

## तीसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण लेकर आत्मविश्वास से भरे दिखे मतदानकर्मी



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आदेशानुसार हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन चालीस चालीस के समूह में दो हजार अस्सी मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिये पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गुणवत्ता युक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिये सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिये समुचित प्रबंधन किया है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरभ कुमार व जेई विपिन कुमार पटेल के द्वारा कमरों में घूम-घूम कर शंकाओं का समाधान किया गया। तीसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ घूले-मिले तथा आत्मविश्वास से भरे दिखे।

## किराना दुकान से एक लाख के सामान चोरी

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबियाखांड में अविनाश कुमार साव के किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोर रात्रि में दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गये तथा एक लाख के सामानों की चोरी कर ली। भुक्तभोगी अविनाश साव ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह अपना दुकान बंद कर रात्रि में घर चले गये। किसी व्यक्ति ने उन्हें मोबाईल पर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। भुक्तभोगी जब दुकान आये तो पाया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है, कई सामान गायब हैं। उन्होंने बताया कि चावल 10 बोरा, सरसो तेल 32 केजी, रिफाईन, जीरा मरीच, चीनी समेत कई कीमती सामान लेकर भाग गये। चोर जाते समय फ्रीज को भी क्षतिग्रस्त कर दुकान से कुछ दूरी पर फेंक दिया। भुक्तभोगी ने चोरी की जानकारी सतबरवा थाना को दी है। सतबरवा के एएसआई सुबोध कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर भुक्तभेगी से चोरी की जानकारी ली।

### गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस की बैठक

# प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर ली है अपनी हार : बिट्टू पाठक

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत सुनिश्चित करने को लेकर डाल्टनगंज विस क्षेत्र के सदर प्रखंड में रविवार को कांग्रेसजनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी व संचालन ललित कुमार सिंह ने किया। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिये विमर्श किया। बैठक में सभी बूथो के बीएलए से श्री पाठक ने कहा कि भाजपा के सांसद पिछले दो बार से जीतते रहे हैं। सांसद का कार्यकाल नहीं के बराबर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल की सभा में हताश और निराश दिखे। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यों पर वोट नहीं मांग रही बल्कि लोगों के भावनाओं से खेल रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान चुकी है उनकी करनी और कथनी में कितना फर्क है। 10 वर्षों में इस देश की सरकार ने हर वर्ग को परेशान करके रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुईयां भारी मतों से चुनाव जीत रही हैं। क्योंकि लोगों को विश्वास है कि इंडिया गठबंधन ही विकास की नई गाथा लिखेगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला सचिव शमीम अंसारी, शैलेश मेहता, अजय कुमार, मंसूर अंसारी, श्याम उरांव, मो इरशाद आलम, निरंजन पासवान, गुरु चरण, हरकेश यादव, मधेश्वरा पाहन, राजेंद्र उरांव, मनोज, राजमणि सिंह, प्रमोद यादव, रवींद्र तिवारी, शमीम अंसारी, राजेंद्र साहू, अनूप कुमार तिवारी, सुधीर कुमार सिंह, कपिल देव कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।






# 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शिड्यूल करें : रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच #मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें।

रवि कुमार ने रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी।



रवि कुमार ने अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आए और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गईं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए रविवार को भी खुले रहे डाकघर

**रांची।** रांची डाक मंडल के डाकघर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग से भेजे गए 53 हजार मतदाता पहचान पत्रों को डाक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए शनिवार को देर रात तक रांची जीपीओ कार्यालय खुला रहा और रविवार सुबह तक वोटर कार्ड डाकघरों तक पहुंच गए। डाकियों ने भी आज घर-घर तक जाकर वोटर कार्ड का वितरण किया। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस की मदद से 10 हजार वोटर आईडी कार्डों का वितरण घर-घर किया गया है। उन्होंने इस अद्वितीय पहल के लिये डाक कर्मियों, डाकियों और जीडीएस को धन्यवाद दिया। साथ ही उनके सहयोग के लिए आम नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। सिंह ने कहा कि इस महापर्व को सफल बनाने के लिए अमूल्य मतदान जरूर करें। इसके साथ उन्होंने आने वाले चुनाव में सुधारित सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प भी दोहराया और कहा कि आने वाले चुनाव में डाक विभाग नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।



## राज्य की तीन लोस सीटों व गांडेय उपचुनाव के लिए स्क्रूटनी पूरा

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इन तीनों लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय सीट के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा कर लिया गया है।

चतरा लोकसभा सीट के लिए तीन मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा के काली चरण सिंह, कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी और बहुजन समाज पार्टी के जगदेव प्रसाद के आवेदन सही पाये गये हैं। इसके अलावा पंजीकृत राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 20 मिलाकर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं।

कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अन्नपूर्णा देवी और बहुजन समाज पार्टी से सिटन रविदास का आवेदन वैध पाया गया है। पंजीकृत राजनीतिक दलों में सीपीआई (माले) के विनोद सिंह समेत पांच कैंडिडेट हैं। साथ ही नौ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। हजारीबाग सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों में कांग्रेस के जेपी पटेल का नामांकन वैध पाया गया है। साथ ही भाजपा के मनीष जायसवाल और बसपा के मो मोईनउद्दीन अहमद का नामांकन भी सही है। इसके अलावा 14 अन्य प्रत्याशियों के नामांकन भी वैध पाये गये हैं।

गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए झामुमो से कल्पना सोरेन, भाजपा से दिलीप कुमार वर्मा का नामांकन हुआ है। इसके अलावा नौ अन्य कैंडिडेट का भी नामांकन स्क्रूटनी के बाद सही पाया गया है।

# विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को विजयी बनायें : अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** भाजपा देश में सरकार बनाने और विकसित भारत बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है, जबकि अनय दल सिर्फ सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा रविवार शाम तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा प्रभारी कोचे मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रबुद्ध जनों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता तो अक्सर बैठकों में भाग लेते रहते हैं, पर आज ऐसे लोगों की बैठक बुलाई गई, जिनके दिलों में भाजपा बसती है और उनके ही वोटों के बल पर सरकार बनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कें नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। आज




हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़र अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। अर्जुन मुंडा नें कहा कि अधिकतर बीमारियां दूषित पानी के कारण होती है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नें चुनौतियों को संभावना में बदला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में भाजपा की विश्वसनीयता बढ़ी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्ष लोगों के बीच भ्रम फैला रहा है कि भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान कों बदल देगी, आरक्षण को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि जिस संविधान कों अंगीबार कर चुके हैं और आत्मसात कर चुके हैं,उसे भला कैसे बदला जा सकता है। अर्जुन मुंडा ने प्रबुद्ध जनों से कहा कि आप समाज कों सही दिशा दे सकते हैं। इसलिएए ग्रामीणों को ऐसी अफवाहों से बचाएं और विकसित भारत, विकसित परिवार के लिए 13 मई को भाजपा कें पक्ष में मतदान करनें के लिए लोगों को प्रेरित

## वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। इसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है।



## फुलवरिया के लोगों ने बिजली नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आर के बसंत ने आजादी से आज तक फुलवरिया बिरहोर टोला में बिजली नहीं रहने के कारण यहां के निवासियों द्वारा इस चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लेने पर शासन से लेकर प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है।

इस टोले में 75-80 घर है जिसकी आबादी 500-550 है, परंतु आज तक बिजली से मरहूम, वहीं बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफर एवं पोल द्वारा पूरे टोले में पूर्व में ही केबल लगाया जा चुका है जो शोभा की वस्तु बन लोगों को चिढ़ा रहा है। पास में ही जंगल के बीच डुमरियाटांड़ है, जहां वर्षों से बिजली है। ध्वजाधारी पहाड़ के द्वार से कच्चा रास्ता वन विभाग होकर फुलवरिया जाता है जिसके किनारे पोल लगाकर बिजली पहुंचाई जा सकती है एवं इस संबंध में लगातार आवाज उठाई जा रही है पर जनप्रतिनिधि भी आज तक चुप्पी साधे हैं जबकि वोट पाने हेतु लगातार झूठा आश्वासन देते आ रहे हैं। इस टोले के चारों ओर जंगल होने के कारण भालू एवं विषैले जीव जंतु के यहां आ जाने से लोग दहशत में रहने को मजबूर हो जाते हैं। यहां पानी की समस्या भी विकराल रुप ले चुकी है। इसी आक्रोश में इस बार पूरे टोले की जनता ने नारा दिया है कि आजादी से आज तक बिजली नहीं तो वोट नहीं एवं वोट बहिष्कार का फैसला लिया है।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)